जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

25 नवम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया बैडमिंटन लीग (जेबीएल) 2024 का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने जामिया बैडमिंटन लीग (जेबीएल) 2024 के समापन का जश्न मनाने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जो एक अंतर-संकाय और कार्यालय स्टाफ बैडमिंटन टूर्नामेंट है। इस कार्यक्रम में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सम्मानित कुलपति प्रो. मजहर आसिफ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ ही जामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । समारोह में डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) प्रो. नीलोफर अफजल, चीफ प्रॉक्टर प्रो. नवेद जमाल और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे। इसके अलावा, इस अवसर पर गुवाहाटी विश्वविद्यालय के कई अतिथि भी मौजूद थे।

दो सप्ताह पहले शुरू हुए जेबीएल 2024 में विभिन्न विभागों की 5 पुरुष टीमों और 2 महिला टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला के बाद विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक टीम विजेता के रूप में उभरी जबकि केंद्रीय कार्यालय की टीम ने पुरुष वर्ग में उपविजेता के स्थान को हासिल किया। दंत चिकित्सा संकाय की टीम को दूसरे स्थान से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में इंजीनियरिंग संकाय ने पहला स्थान प्रपट किया और दंत चिकित्सा संकाय उपविजेता टीम रही।

सभा को संबोधित करते हुए जामिया के माननीय कुलपति ने विजेताओं को बधाई दी और सभी टीमों की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने शैक्षिक और प्रशासनिक कर्मचारियों के समग्र कल्याण के लिए खेल और पाठ्येतर गतिविधियों में भागीदारी के महत्व पर बल दिया। जामिया के कुलसचिव ने प्रेरक भाषण दिया और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

प्रो नफीस अहमद, गेम्स एंड स्पोर्ट्स के मानद निदेशक ने सभी संकायों के प्रतिभागियों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की विशेष रूप से महिला टीमों की सराहना की। उन्होंने उन संकायों को भी प्रोत्साहित किया जो जेबीएल के आगामी सत्र में अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए भाग नहीं ले पाए।

जेबीएल-024 की आयोजन टीम में गेम्स एंड स्पोर्ट्स के मानद निदेशक प्रो नफीस अहमद, श्री नदीम यूनुस, आयोजन सचिव; और श्री मोहम्मद वसीम, संयुक्त आयोजन सचिव शामिल हैं।

कार्यक्रम का समापन प्रो नफीस अहमद द्वारा सभी योगदानकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया